# कोटा शहर कांग्रेस कार्यालय के बाहर सम्मान के नाम पर हुई कांग्रेस की छवि धूमिल

## बिना स्वीकृति के सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने के नाम पर विवाद खड़ा करके कांग्रेस की छवि खराब करने का प्रयास किया गया है : रविंद्र त्यागी

- जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ने एक दूसरे पर आरोप लगाया
- प्रदेश पदाधिकारी और जिला प्रभारी तक मामला पहुंचा

**कोटा,** (निसं)। कोटा में कांग्रेस के लिए मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेसी नेताओं का टकराव पहले ही सामने आता रहा है। अब कोटा में कांग्रेस की स्थिति यह हो गई है कि यहां पर मान सम्मान के नाम पर एक दूसरे पर दोषारोपण हो रहे हैं।

पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान की बात कही जा रही है परंतु स्थिति पार्टी के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बन गई है। बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ए के अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी और बी के अध्यक्ष जयेश श्रृंगी ने जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी का सम्मान समारोह कोटड़ी रोड स्थित शहर जिला कांग्रेस कमेटी दफ्तर पर रखा था। आरोप है कि कार्यालय की चाबी नहीं मिलने के चलते समारोह कार्यालय के बाहर ही आयोजित करना पड़ा जहां पर नए पदाधिकारी का सम्मान किया गया। मजेदार बात यह है कि कोटा शहर कांग्रेस की नवनियुक्त कार्यकारिणी में करीब 100 से अधिक पदाधिकारी हैं।

लेकिन कार्यक्रम में सम्मानित होने के लिए गिने चुने ही पदाधिकारी पहुंचे। ब्लॉक अध्यक्षों ने कार्यालय के बाहर ही इनको सम्मानित किया गया और जिला संगठन के मुखिया रविंद्र त्यागी पर जमकर आरोप लगाया। उन पर कांग्रेस विरोधी गतिविधियों का आरोप भी लगाया। ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी एवं जयेश श्रृंगी ने कहा कि हमारा कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से आम कार्यकर्ता रूबरू हो सके इसलिए सम्मान समारोह कांग्रेस कार्यालय में रखा गया था।




**कोटा शहर कांग्रेस कार्यालय का ताला नहीं खुला तो आयोजकों ने दरवाजे पर ही पदाधिकारियों का सम्मान कर दिया।**

दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पूर्व में अवगत कराये जाने के बाद भी कार्यालय नहीं खोला गया और कार्यक्रम को आयोजित नहीं करने दिया गया जिसके फलस्वरूप कांग्रेस कार्यालय के बाहर ही वैकल्पिक व्यवस्था कर कार्यक्रम किया गया, जिससे सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र बीरवाल ने कहा कि उन्होंने जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी को फोन करके आमंत्रित किया था और कार्यक्रम के विषय पर जानकारी दी थी लेकिन जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने स्पष्ट रूप से कार्यक्रम के लिए मना कर दिया था। इस तरीके की कंट्रोवर्सी खड़ी करने से निश्चित तौर पर पार्टी की छवि खराब होती है।

शहर जिला उपाध्यक्ष हेमराज गौतम ने कहा कि कांग्रेस का कार्यक्रम कार्यालय के बाहर होना अति निंदनीय है जिला अध्यक्ष को कार्यक्रम करने देना चाहिए था। शहर जिला सचिव श्याम गौतम ने कहा कि मेरे वर्षों के राजनीतिक जीवन में ऐसा घटनाक्रम पहली बार देखा है जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं मिले और गेट पर ताला लगा दिया गया हो। जिला उपाध्यक्ष अनुराग गौतम ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं से चलती हैं ना कि नेताओं से कांग्रेस कार्यालय सभी कार्यकर्ताओं के लिए है जिला अध्यक्ष के लिए नहीं। कार्यक्रम की अनुमति नहीं देना कार्यकर्ताओं का अपमान है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यालय किसी नेता या अध्यक्ष के लिए नहीं है बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए हैं। दुर्भाग्य की बात है कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान समारोह कांग्रेस कार्यालय में होना चाहिए था वह कार्यालय के बाहर हो रहा है।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्षों के द्वारा पूर्व में सूचना देने के बाद भी ब्लॉक कमेटी को कार्यक्रम नहीं करने देना संकीर्ण सोच है इसकी हम सभी कांग्रेसजन निंदा करते है। वही इस पूरे मामले पर शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने बताया कि वह परिवार में गमी का माहौल होने के कारण शहर से बाहर गए हुए थे। कार्यालय की चाबी उनके पास नहीं रहती। कार्यालय की चाबी संगठन मंत्री संतोष सुमन के पास है। रोजाना कांग्रेस कार्यालय 3.30 बजे से शाम को 7.00 तक खुला रहता है। कार्यक्रम के बारे में मुझे जानकारी नहीं दी गई और ना ही मुझे आमंत्रित किया गया। अगर मुझे कार्यक्रम की स्वीकृति के लिए पत्र दिया गया हो तो बताया जाए। त्यागी ने कहा कि कार्यालय रोजाना नियमित रूप से खुलता है। अगर कार्यक्रम किया ही जाना था तो नियमित समय में बिना किसी विवाद के किया जा सकता था। इस तरीके से विवाद खड़ा करके कांग्रेस पार्टी की छवि को खराब किया गया है। यह अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस महासचिव और जिला कांग्रेस प्रभारी इंद्राज गुर्जर से की गई है।

उन्हें बताया गया है कि कांग्रेस कार्यालय में बिना स्वीकृति के सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने के नाम पर विवाद खड़ा करके कांग्रेस की छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। त्यागी ने बताया है कि जिला प्रभारी के द्वारा उनसे घटनाक्रम की पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। त्यागी ने कहा कि इस मामले की पूरी रिपोर्ट भेजी जाएगी, साथ ही विवाद खड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की सिफारिश भी की जाएगी।

## सरपंच व उसके बेटे के खिलाफ चालान पेश

**कोटा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इंटेलीजेंसी कोटा एसीबी ने रिश्वत के मामले में सरपंच राधेश्याम मेहर व उसके पुत्र रवि कुमार मेहर के खिलाफ अनुसंधान में दोषी मानते हुए बुधवार को एसीबी न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो इंटेलिजेन्सी कोटा की पुलिस निरिक्षक चन्द कँवर ने अनुसंधान किया था। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि परिवादी ने 26 मार्च 2024 को एसीबी चौकी झालावाड़ को शिकायत दी थी। परिवादी ने शिकायत में कहा था कि नरेगा का कार्य श्रमिकों द्वारा करवाया जाकर मस्टररोल भरी गई थी। उक्त कार्य को पास करने की एवज में सरपंच राधेश्याम मेहर व उसका पुत्र रवि कुमार मेहर रिश्वत की मांग कर रहे है। शिकायत का सत्यापन कराकर 28 मार्च 2024 को ट्रेप की कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचयात सरड़ा पंचायत समिति अकलेरा जिला झालावाड़ के सरपंच व उसके पुत्र रवि कुमार मेहर को 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के एएसपी ने बताया कि एसीबी के उपमहानिरिक्षक शिवराज मीणा के निरिक्षण में प्रकरण का अनुसंधान एसीबी की पुलिस निरिक्षक चन्द्र कँवर ने किया। प्रकरण में आरोपी सरपंच राधेश्याम मेहर के विरूद्ध सक्षम अधिकारी से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त की गई।

## धाकड़ अधिवक्ताओं ने बैठक की

**कोटा,** (निसं)। आगामी 8-9 फरवरी को कोटा में आयोजित होने वाले धाकड़ महासभा के 32वें राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर धाकड़ अधिवक्ताओं ने बैठक की। धरणीधर धाकड़ अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष एडवोकेट वंदना नागर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष वंदना नागर ने बताया कि बैठक में अधिवेशन के सफल आयोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के संदर्भ में रूपरेखा तैयार की गई है। अधिवेशन को लेकर अधिवक्ता भी तैयारी कर रहे है।

# कोटा उत्तर नगर निगम बोर्ड बैठक में हंगामा

**कोटा,** (निसं)। कोटा उत्तर नगर निगम में बोर्ड और महापौर कांग्रेस पार्टी का होने के बावजूद दोनों के मध्य बोर्ड बैठक में और उसके बाद जमकर टकराव सामने आया है। कांग्रेस के पार्षदों ने अपनी ही पार्टी की महापौर की गाड़ी रोक ली और उनके चेम्बर में महापौर का घेराव करके जमकर अपना आक्रोश प्रकट किया। कोटा उत्तर नगर निगम की बुधवार को आयोजित हुई बोर्ड की बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए हंगामा कर दिया और जमकर नारेबाजी की है। कांग्रेस पार्षद वेल में आ गए। उन्होंने वार्डों को कचरा मुक्त करने की मांग की। बोर्ड बैठक और बैठक के बाद कांग्रेसी पार्षदों अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को महापौर के सामने रखा। बैठक करीब आधे घंटे में ही खत्म हो गई। कांग्रेसी पार्षदों ने अपनी बात रखने का आग्रह करते रहे। उप महापौर ने खराब माइक बदलने की मांग की लेकिन उन्हें दूसरा माइक नहीं दिया गया। इस बात को लेकर हंगामा हुआ। इसके बाद कांग्रेस के दूसरे पार्षद भी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर हंगामा करते हुए दो बार वेल में आ गए, पोस्टर लहराए गए। आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा। इसी बीच राष्ट्रगान शुरू हुआ और बोर्ड की मीटिंग खत्म हो गई। बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस के पार्षदों ने महापौर के चेम्बर में जाकर उनका घेराव किया। कांग्रेस पार्षदों ने महापौर मंजू मेहरा के सामने जमकर अपनी नाराजगी जताई।

महापौर गाड़ी में बैठकर जाने लगी तो कांग्रेस की महिला पार्षद महापौर की गाड़ी के आगे खड़ी हो गई। जिसके बाद महापौर गाड़ी से उतरकर वापस अपने चेम्बर में आ गई। कांग्रेसी पार्षद भी उनके पीछे-पीछे महापौर चेम्बर में पहुंच गए। उप महापौर सोनू कुरैशी ने कहा कि हम पिछले एक साल से बोर्ड मीटिंग की मांग करते आ रहे हैं। इसके लिए धरने-प्रदर्शन किए। बड़ी मुश्किलों से बोर्ड की मीटिंग हुई। बोर्ड की मीटिंग में कोटा उत्तर के वार्डों के साथ हो रहे भेदभाव रखने की बात महापौर से कही थी। महापौर ने कहा कि बारी-बारी से सब अपनी बात रखें लेकिन आयुक्त व तमाम अधिकारियों ने तानाशाही रवैया अपनाया। जबरन राष्ट्रगान करवा दिया मीटिंग को बर्खास्त करवा दिया। पहले मेरा माइक बंद किया। मैंने माइक चालू करने की डिमांड की। मेरा माइक चालू करने के बजाय नेता प्रतिपक्ष को माइक दे दिया, जिसकी आवाज तेज थी। इन्होंने साजिश करके मेरा माइक बंद कर किया। सबसे बड़ी दुख की बात है कि बोर्ड कांग्रेस का है महापौर कांग्रेस की हैं।


### कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-320 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-12.7.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-सी आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 834 का आवंटन/हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 05.05.1993 को श्री राजेन्द्र प्रकाश जैन पुत्र श्री गोपाल लाल जैन को किया गया था। आवंटी श्री राजेन्द्र प्रकाश जैन की मृत्यु दिनांक 19.11.2023 को हो चुकी है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में श्रीमती रतन बाई जैन पत्नी श्री राजेन्द्र प्रकाश जैन के नाम वसीयत निष्पादित कर रखी थी। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान श्रीमती रतन बाई जैन पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र प्रकाश जैन द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 834 योजना श्रीनाथपुरम-सी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती रतन बाई जैन पत्नी श्री राजेन्द्र प्रकाश जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा**

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3244 **विज्ञप्ति** दिनांक:-5.2.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना आकाश नगर भूखंड संख्या 2-बी-5 खसरा नं. 90 आवेदक/आवेदिका श्रीमती रेखा श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुनन्दन श्रीवास्तव निवासी 22-ए श्रीराम बस्ती कोल्ड स्टोर बोरखेडा कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1057 दिनांक 23.10.2017 को श्री हेमराज गौतम पुत्र श्री रामचन्द्र गौतम के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.08.2023 को जर्ये मुख्तारआम चिराग अग्रवाल पुत्र स्व. श्री किशन लाल द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती रेखा श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुनन्दन श्रीवास्तव के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4856 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 3.2.25

आवास संख्या 3-ए-8 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री प्रकाश चन्द शर्मा पुत्र श्री बृज किशोर शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री प्रकाश चन्द शर्मा पुत्र श्री बृज किशोर शर्मा द्वारा दिनांक 25.03.1997 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री प्रकाश चन्द शर्मा पुत्र श्री बृज किशोर शर्मा की मृत्यु दिनांक 13.12.2022 को हो चुकी है। श्री प्रकाश चन्द शर्मा पुत्र श्री बृज किशोर शर्मा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 01.03.2021 को श्री दीपक कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रकाश चन्द शर्मा के पक्ष में आलेखित की गई। श्री दीपक कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रकाश चन्द शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-ए-8 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री दीपक कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रकाश चन्द शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री दीपक कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रकाश चन्द शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री दीपक कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रकाश चन्द शर्मा के नाम कर दिया जावेगा। **उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा**

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4855 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 3.2.25

आवास संख्या 1-ए-45 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती सूर्य बाला जैन पत्नी श्री महेन्द्र कुमार जैन को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सूर्य बाला जैन पत्नी श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा दिनांक 16.06.2023 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती सूर्य बाला जैन पत्नी श्री महेन्द्र कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 10.08.2024 को हो चुकी है। श्रीमती सूर्य बाला जैन पत्नी श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 14.09.2020 को श्री सत्येन्द्र पाटोदी पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन के पक्ष में आलेखित की गई। श्री सत्येन्द्र पाटोदी पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ए-45 महावीर नगर तृतीय कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री सत्येन्द्र पाटोदी पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री सत्येन्द्र पाटोदी पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री सत्येन्द्र पाटोदी पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन के नाम कर दिया जावेगा। **उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा**

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक:-उ.आ.आ./को.वृ.को./2023-2024/4740 दिनांक:27.1.25

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 2 ई 9 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री बालमुकुन्द पुत्र श्री रामचन्द्र को किया गया। श्री बालमुकुन्द द्वारा उक्त आवास का बैचान इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 19.03.2013 को श्री श्रवण लाल पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्री किशन लाल पुत्र श्री रामचन्द्र को किया गया। श्री श्रवण लाल पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्री किशन लाल पुत्र श्री रामचन्द्र द्वारा संयुक्त रुप से इस कार्यालय में अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु आवेदन किया गया।

अत: इस आवास का नियमितिकरण श्री श्रवण लाल पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्री किशन लाल पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम करने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का नियमितिकरण श्री श्रवण लाल पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्री किशन लाल पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम किए जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री श्रवण लाल पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्री किशन लाल पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

### कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/16840 दिनांक: 5.2.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामेश्वर पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल निवासी भूखंड संख्या-309 कम्पीटीशन कालोनी महावीर नगर तृतीय कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 309 कम्पीटीशन कालोनी महावीर नगर तृतीय कोटा क्षेत्रफल 258.33 वर्गफुट का कार्यालय राजस्थान आवासन बोर्ड खण्ड द्वितीय कोटा के पत्र क्रमांक : आर.ई./के.टी./द्वितीय/90/1420 दिनांक 10.05.1990 से श्रीमती मन्नी बाई पत्नी श्री तारा चन्द रेगर को किया गया। श्रीमती मन्नी बाई पत्नी श्री तारा चन्द रेगर द्वारा दिनांक 15.03.2002 से श्रीमती नेनी बाई पत्नी श्री कन्हैया लाल रेगर को उक्त भूखंड का इकरारनामा द्वारा बेचान कर दिया है। कार्यालय लेखाधिकारी (वसूली) वृत्त-कोटा राजस्थान आवासन मण्डल कोटा के पत्र क्रमांक : 71/16 दिनांक 15.03.2010 से श्रीमती नेनी बाई पत्नी श्री कन्हैया लाल के नाम नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र जारी किया है। राजस्थान आवासन मण्डल कोटा के पत्र क्रमांक : एफ1 (7)/एच 5/62 दिनांक 08.04.2010 से श्रीमती नेनी बाई पत्नी श्री कन्हैया लाल के नाम कन्वेन्स डीड अलोटी एवं प्रीपेचुअल लीज डीड जारी की गई है। श्रीमती नेनी बाई पत्नी श्री कन्हैया लाल की मृत्यु दिनांक 01.02.2020 को हो चुकी है। श्री कन्हैया लाल की मृत्यु दिनांक 03.02.2014 को हो चुकी है। दोनों की मृत्यु उपरांत इनके विधिक वारिसान श्रीमती संतोष बाई पुत्री स्व. श्री कन्हैया लाल एवं श्रीमती पिंकी पुत्री स्व. श्री कन्हैयालाल द्वारा अपना हक पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 10.12.2024 से श्री रामेश्वर पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल के पक्ष में त्याग दिया गया है। श्री रामेश्वर पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण**


## सुवि नेत्र चिकित्सालय का उन्नीसवाँ स्थापना दिवस सम्पन्न

- 19 वर्षों में 15 लाख से अधिक नेत्र रोगियों का उपचार एवं एक लाख से अधिक लेजर एवं नेत्र सर्जरी सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। सुवि नेत्र चिकित्सालय तलवंडी, कोटा ने अपनी 19वीं वर्षगाँठ धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलन करियर इंस्टीट्यूट के निदेशक राजेश माहेश्वरी थे। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. एस. के. गुप्ता, डॉ. निपुण बागरेचा, डॉ. राधिका सावरकर, भारतीय जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बागरेचा भी उपस्थित थे।

सुवि नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय ने बताया कि संस्थान की स्थापना 5 फरवरी 2006 को की गयी थी। उन्होंने बताया कि सुवि नेत्र अस्पताल ने लाखों रोगियों को रोशनी का तोहफा दिया है।

डॉ. विदुषी शर्मा ने बताया कि 19 वर्षों से सुवि नेत्र चिकित्सालय ने क्षेत्र में उन्नत नेत्र सेवाएं प्रदान कर 15 लाख से अधिक रोगियों का सफल उपचार किया है, जिसमें एक लाख से अधिक नेत्र सर्जरी और लेजर प्रक्रियाएं शामिल हैं।

राजेश माहेश्वरी ने अपने संबोधन में सुवि नेत्र चिकित्सालय की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह चिकित्सालय न केवल हाड़ौती क्षेत्र में उत्कृष्ट नेत्र सेवाओं के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि आंखों की बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों के लिए नि:शुल्क अथवा रियायती नेत्र सेवाएं प्रदान कर एक मिसाल भी कायम कर रहा है। उन्होंने डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं सुवि नेत्र चिकित्सालय की टीम को प्रयागराज महाकुम्भ में नि:शुल्क नेत्र परामर्श देने के लिए भी बधाई दी।

डॉ. एस. के. गुप्ता ने इस अवसर पर संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। डॉ. विदुषी शर्मा ने कहा कि हम अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और कुशल टीम वर्क के माध्यम से रोगियों को सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए समर्पित हैं।

कार्यक्रम के दौरान विश्व कैंसर दिवस के तत्वावधान में जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। डॉ. सुरेश पाण्डेय द्वारा लिखित प्रेरणादायक पुस्तक एक आई सर्जन की डायरी की प्रति भी मुख्य अतिथि राजेश माहेश्वरी एवं अन्य अतिथियों को भेंट की।

# करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। फर्जी चिटफण्ड कंपनी खोलकर लोगों को अच्छा मुनाफा देने का लालच देकर करोड़ों रूपयों की धोखाधड़ी के मामले में तीन साल से फरार चल रहा आरोपी को मुखबीर की सूचना पर अनंतपुरा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया।

पकड़ा गया आरोपी मजदूरी करके फरारी काट रहा था। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिये शहर पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

शहर एसपी ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए लोगों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपी थाना मकबरा के बृजराजपुरा हाल बोरखेड़ा के कृष्ण विहार निवासी बादशाह खान (53) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि तलवंडी निवासी निवेशक फरियादी विनय गोयल ने वर्ष 2021 में अनंतपुरा थाने मे धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। मामले मे एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था वही मामले में फरार चल रहे आरोपी बादशाह खान की तलाश के लिये टीम कार्यवाही कर रही थी।

थानाधिकारी ने बताया कि फरार आरोपी बादशाह के बारे मे मुखबीर से रेलवे कॉलोनी इलाके के कालातलाब मे मजदूरी करने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए बादशाह खान को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।

# भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे का महिला प्रकोष्ठ ने स्वागत किया

- सरकार किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दे व कर्जमाफी की घोषणा करें : दुबे

**कोटा,** (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे का महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मंजू चौधरी, सुशीला शुक्ला, रजिया बानो व बबिता वर्मा के नेतृत्व मे संगठन की महिला कार्यकर्ताओ ने सोगरिया मे फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।



**कोटा में भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे को सम्मानित किया गया।**

भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने केंद्र सरकार से किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने व किसानों की सम्पूर्ण कर्जमाफी एवं स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग करते हुए कहा की सरकार किसानों को स्वामीनाथन आयोग के अनुसार फसलों का लाभकारी मूल्य दें। भाजपा सरकार किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। सरकार किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं देना चाहती ओर ना ही किसानों का कर्ज माफ करना चाहती है। सरकार की प्राथमिकता में किसान अंतिम पायदान पर भी नहीं है। मनोज दुबे ने कहा की देश के 18.81 करोड़ किसानों पर 32,35,747 करोड़ रूपए का कर्ज है। किसान कर्ज से परेशान है किसानों का लोन माफ नहीं हो सकता, लेकिन उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ के कर्ज माफ कर देने वाली केंद्र की भाजपा सरकार किसानों के सम्पूर्ण कर्जमाफी की घोषणा करने से इनकार कर रही है। राजस्थान में सत्ता में आने से पहले भाजपा ने एमएसपी पर बाजरा खरीद का वादा किया था लेकिन अब वादाखिलाफी करके किसानों को धोखा दे रही है।

## सार-समाचार

### ट्रेन की चपेट से लोको पायलेट की मौत

**कोटा,** (निसं)। कोटा मंडल के डकनिया रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट मे आने से एक लोको पायलेट की मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की जेब से मिली आईडी के आधार पर मृतक की शिनाख्त कुन्हाडी के बालिता रोड़ निवासी लोको पायलेट मनीष शर्मा (48) के रूप में हुई। मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। मृतक के पिता अजमेर एवं छोटा भाई जयपुर रहता था, सूचना पाकर पिता व भाई कोटा पहुंचे। मनीष शर्मा कोटा मे पत्नी व बच्चों के साथ रहते थे। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोको पायलेट मनीष शर्मा मालगाड़ी लेकर चित्तौड़गढ़ से कोटा पहुंचे और मंगलवार को डयूटी ऑफ कर घर को रवाना हो गये, लेकिन मनीष डकनिया कैसे पहुंचे इस बारे मे किसी को काई जानकारी नही है। वही जीआरपी थाने के हेड कांस्टेबल डालचन्द ने बताया कि फोन पर डकनिया स्टेशन के समीप एक व्यक्ति की ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति का शव क्षत-विक्षिप्त अवस्था में झाड़ियों में मिला। मृतक के जेब की तलाशी ली तो उसके जेब से पर्स मिला जिसमें एक आईडी मिली जिससे मृतक की शिनाख्त हुई। मृतक रेलवे में लोको पायलेट के पद पर तैनात थे।

### टिकट दलालों पर कार्रवाई की

**कोटा,** (निसं)। भारतीय रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है। रेलवे एक्ट 143 के तहत, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध तरीके से व्यापार करना, अधिक दाम पर बेचना या अन्य किसी तरीके से टिकटों की कालाबाजारी करना कानूनी अपराध है। इस एक्ट के तहत जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। इसी कड़ी में ऑपरेशन उपलब्ध के तहत पश्चिम मध्य रेलवे में माह जनवरी 2025 के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत 08 प्रकरण दर्ज कर 09 व्यक्तियों की गिरफ्तारी करते हुए 12,53,260 रूपये की रेल टिकट जब्त की गई।

### भागवत कथा कल से

**कोटा,** (निसं)। सोमेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 1 रंगबाड़ी योजना पर 7-13 फरवरी तक पंडित प्रदीप शर्मा शास्त्री भागवत कथा करेंगे। मंदिर समिति के सदस्य रणजीत गोचर ने बताया कि भागवत कथा के क्रम में 7 फरवरी को सुबह 10 बजे मंशापूर्ण हनुमान मंदिर सेक्टर 1-2 रंगबाड़ी योजना से भव्य कलश यात्रा निकलेगी।

# पंजाबी समाज के परिचय सम्मेलन में देश-विदेश से रजिस्ट्रेशन हुए

- पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए समिति के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने कई शहरों का भ्रमण किया

**कोटा,** (निसं)। पंजाबी समाज समिति कोटा निरंतर समाज की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, सामाजिक सरोकार के कार्यों के साथ ही समाज उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

समिति रिश्तों को आसान बनाने के लिए 23 फरवरी 2025 को 30वां युवक-युवती अभिभावक परिचय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। समिति द्वारा आयोजित 29 सम्मेलनों में 15,342 पंजीकरण हो चुके हैं, जिनमें से 9,245 रिश्ते बन चुके हैं। पंजाबी समाज समिति के अध्यक्ष वीर कुमार वाधवा ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए समिति के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने कई शहरों का भ्रमण किया।

उन्होंने पंजाबी समाज के लोगों को पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया और इस उद्देश्य से बारां, बूंदी, अलवर, बयाना और झालावाड़ जिलों का दौरा किया। इन प्रयासों से समिति ने अधिक से अधिक लोगों को सम्मेलन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और पंजीकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने की दिशा में काम किया।

समिति के सचिव प्रवीण गुलाटी ने समिति के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समिति परिचय सम्मेलन के अलावा कोटा में विभिन्न सामाजिक जिम्मेदारियां भी निभा रही है। समिति ने ब्लड डोनेशन कैंप, मेडिकल कैंप आयोजित किए और जरूरतमंद छात्रों को पुस्तकें, कॉपियां और स्टेशनरी प्रदान की। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु सतत् वृक्षारोपण भी किया गया है।

इन प्रयासों से समिति न केवल सामाजिक योगदान दे रही है, बल्कि सामुदायिक जागरूकता भी फैला रही है। पंजाबी समाज समिति कोटा ने अब तक 29 परिचय सम्मेलन आयोजित किए हैं, लेकिन अब समिति के पदाधिकारी और वरिष्ठ सदस्य यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं कि शीघ्र ही नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाए।

इस पहल का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के परिवारों को मदद पहुंचाना है, ताकि वे अपनी बेटियों और बेटों की शादी में आने वाली वित्तीय कठिनाईयों को कम कर सकें और सामूहिक विवाह से समाज में एकता और सहयोग का संदेश फैल सकें। समिति के संयोजक राजेन्द्र बाटला ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए अब तक 242 युवक और 58 युवतियों ने पंजीकरण कराया है, और सम्मेलन तक पंजीकृत संख्या दुगनी होने की संभावना है। समिति ने युवतियों का पंजीकरण निशुल्क करने का निर्णय लिया है।

पंजीकृत सदस्यों के बायोडाटा और रंगीन फोटो सहित परिचय विवरणिका छापी जा रही है, जो सभी पंजीकृत सदस्यों को नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। समिति के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र निझावन ने जानकारी दी कि सम्मेलन में भाग लेने वाले बाहर से आए पंजीकृत सदस्य और उनके अभिभावकों के लिए कोटा में ठहरने और भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क होगी।

समिति के प्रयासों से अब तक जो भी रिश्ते हुए है वे अपना वैवाहिक जीवन सुखमय व्यतीत कर रहे हैं। यह जानकारी समय समय पर समिति के वरिष्ठजन लेते रहते हैं। 30वें सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कुछ समितियों का गठन किया गया है जिसमें मंच संचालन, तत्काल पंजीकरण (युवक/युवती), नि:शुल्क भोजन एवं ठहरने की सुविधा, पूछताछ समिति, परिचय पुस्तिका वितरण एवं अन्य व्यवस्थाऐं सम्मिलित हैं।

समिति के सहसंयोजक गुलशन नागी ने बताया कि समिति के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जयपुर, गंगापुरसिटी हाड़ौती एवं मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र एवं राजस्थान के बयाना, डीग, भरतपुर, अलवर, उदयपुर, नोएडा, श्रीगंगानगर, बीकानेर, भीलवाड़ा में जाकर वहां के पंजाबी समाज संगठनों से चर्चा कर फार्म भरवाने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रेरित किया। समिति संरक्षक महेन्द्र निझावन के अनुसार आस-पास के शहरों में अपने प्रतिनिधि मनोनीत किए हुए हैं जो इच्छुक परिवारों को आवेदन पत्र में आवश्यक विवरण देने में मदद करते हैं। समिति के वरिष्ठ सदस्य महेश मदान ने बताया कि सम्मेलन के लिए कोटा के अलावा जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अलवर, भरतपुर, गंगापुर, बून्दी, केशवराय पाटन, अंता, बारां, छबड़ा, छीपाबडौद, अटरू, रावतभाटा, रामगंजमण्डी, मनासा, नीमच, भानपुरा, महिदपुर, गरोठ, शामगढ़, रायपुरा, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक एवं भारत के अनेक प्रांतों के परिवारों से भी आवेदन फार्म आ रहे हैं। सभी अभिभावक जिन्होंने अपने बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराया है, वो अपने बच्चों को सम्मेलन में अवश्य लावें ताकि रिश्ते देखने में सुगमता रहेगी। इस अवसर पर संरक्षक पवन आहुजा सहित समाज के पदाधिकारी व वरिष्ठजन उपस्थित रहे।